प्रेस नोट–
थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

दिनांक – 25.05.26

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,**
- **थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा झपटमारी की घटना का 24 घण्टे के अन्दर किया अनावरण।**
- **झपटमारी की घटना में शामिल 02 अभियुक्त गिरफ्तार एवं छीनी गयी 01 अदद मोबाइल व घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झांसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनाँक 24.05.2026 को थाना प्रेमनगर में पंजीकृत मु0अ0सं0-210/2026 धारा 304(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्तगण 1-प्रदीप उर्फ पिस्सू पुत्र मेवालाल उम्र करीब 22 वर्ष नि0- वीरुनगर राजगढ थाना प्रेमनगर झाँसी 2-सिमोन मसीह पुत्र स्व0 सुरेन्द्र मसीह नि0- वीरु नगर राजगढ थाना प्रेमनगर झांसी उम्र करीब 24 वर्ष को डगरिया तिराहे से ग्रोथ सेन्टर फेस-02 जाने वाली रोड पर झपटमारी की गयी मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 24.05.2026 को मुकदमा वादी श्री आदर्श साहू पुत्र मनोज कुमार साहू निवासी आरा मशीन बीएचईएल, अम्बेडकर नगर हरिजन कॉलोनी, थाना बबीना, जनपद झांसी द्वारा थाना प्रेमनगर पर प्रार्थना-पत्र देते हुए बताया कि दिनांक 21.05.2026 को रात्रि लगभग 10:00 बजे जब वह सीपरी बाजार से कार्य समाप्त कर अपने घर वापस जा रहा था, तभी राजगढ़ पीएसी गेट संख्या-3 के सामने स्थित प्रतीक्षालय के पास स्कूटी सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनका मोबाइल फोन (वीवो Y-15) छीनकर मौके से फरार हो गए।

प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनांक 24.05.2026 को थाना प्रेमनगर पर मु0अ0सं0-210/2026 धारा 304(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर द्वारा दो पुलिस टीमों का गठन किया गया।

दिनांक 25.05.2026 को उक्त अभियोग के अनावरण हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना में संलिप्त अभियुक्तगण 1. प्रदीप उर्फ पिस्सू पुत्र मेवालाल, उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी वीरुनगर राजगढ़, थाना प्रेमनगर, झांसी एवं 2. सिमोन मसीह पुत्र स्व० सुरेन्द्र मसीह, उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी वीरुनगर राजगढ़, थाना प्रेमनगर, झांसी को डगरिया तिराहे से ग्रोथ सेंटर फेस-02 जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। कब्जे से झपटमारी किया गया मोबाइल फोन बरामद किया गया तथा घटना में प्रयुक्त काले रंग की स्कूटी संख्या **(UP93 BW 8511)** को कब्जा पुलिस में लिया गया।

बरामदगी का विवरण –

- मोबाइल वीवी वाई-15
- काले रंग की स्कूटी न0 UP93BW8511

नाम पता अभियुक्त –

1-प्रदीप उर्फ पिस्सू पुत्र मेवालाल नि0- वीरुनगर राजगढ थाना प्रेमनगर झांसी उम्र करीब 22 वर्ष

2-सिमोन मसीह पुत्र स्व0 सुरेन्द्र मसीह नि0- वीरु नगर राजगढ थाना प्रेमनगर झांसी उम्र करीब 24 वर्ष

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. प्र0नि0 तुलसीराम पाण्डेय थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी (निर्देशन)
2. उ0नि0 श्री पवन जायसवाल चौकी प्रभारी बिजौली थाना प्रेमनगर
3. का0 256 कुलदीप सिंह थाना प्रेमनगर
4. 1053 प्रवीण कुमार थाना प्रेमनगर
5. का0 249 अरुण कुमार थाना प्रेमनगर